संक्षिप्त

मंदिर में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। कानोड कस्बे में स्थित भेरूजी मंदिर का ताला तोड़ कर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाईक, नकदी व सामान जब्त किया। प्रकरण के अनुसार 27 मार्च 206 को कानाड़ पर उदपुरा गांव वासियों ने रिपोर्ट दी कि रात में गांव में स्थित भेरूजी बावजी मंदिर को अज्ञात चोर ताला तोड़ कर दानपात्र व नकदी चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में कानोड़ थानाधिकारी हुकमसिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुएदेवीलाल पुत्र भेरूलाल निवासी नया घर भावुपरा कानोउ.व भीमराज पुत्र रामलाल निवासी बोर का पानी लसाड़िया सलूम्बर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से दानपत्र मय नकदी व वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की। आरोपी देवीलाल के खिलाफ पूर्व में सात, भीमराज के खिलाफ दो अपराधिक प्रकरण पूर्व में दर्ज है।

कारतूस बरामद, एक गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध कारतूस बरामद किए। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गोपाल चंदेल के सुपरविजन में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान गोवर्धन विलास थानाधिकारी प्रशिक्षु आरपीएस रामकुमार भादु के नेतृत्व में एएसआई विरेन्द्र कुमार मय टीम ने कार्यवाही करते हुए मुर्शीद नगर सेक्टर 12 सविना निवासी नवाजिस पुत्र मोहम्मद युसुफ को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से देशी कट्टे के दो कारतूस बरामद किए।

छेड़छाड़ का प्रकरण कराया दर्ज

उदयपुर,(कासं)। शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीडिता को छेडछाड़ कर परेशान करने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने बडगांव निवासी ताराशंकर सेन के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी से परिचय होने के कारण नजदीकियां थी। इसी के चलते आरोपी ने मेरा पीछा करना शुरू कर दिया तथा वाट्सएप पर संदेश भेज कर परेशान किया करता है। इसको लेकर एतराज करने पर भी को सुधार नहीं होने पर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या

उदयपुर,(कासं)।आपसी बातचीत करने के दौरान आवेश में आए छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर बडे भाई की हत्या कर दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फलासिया थाना क्षेत्र ढाला गांव निवासी शांतिलाल पुत्र समा लहूर पर उसके छोटे भाई बंशीलाल (30) ने कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। इसकी सूचना मिलने पर फलासिया थानाधिकारी सीताराम, पुलिस उप अधीक्षक विवेकसिंह राव ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। शांतिलाल व बंशीलाल दोनों गुरूवार रात में दोनों साथ में शराब पी रहे थे। जहां भूखण्ड को लेकर बातचीत करने दोरान विवाद होने पर बंशीलाल ने कुल्हाड़ी से बडे भाई शांतिलाल की छाती व पेट पर हमला कर दिया। जिसके चलते शांतिलाल मौके पर ही गिर पड़ा तथा बंशीलाल घर जाकर सो गया। इधर देर रात में पुत्र के घर लौटने पर पिता शांतिलाल को मृत हालत में देख कर पूछताछ की तो परिजनों ने दोनों भाईयों के बीच झगडा होने की बात कही। इस पर पुलिस को सूचना दी।

प्राणघातक हमले में अधिवक्ता घायल

उदयपुर,(कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र में बाइक सवार तीन बदमाश अधिवक्ता पर प्राणघातक हमला कर फरार हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसारा शिव कॉलोनी संतोषनगर थाना हजाजपुर भीलवाड़ा हाल हिरणमगरी सेक्टर 4 कुंभा नगर निवासी अनिकेत टांक पुत्र मनीष कुमार 4 अप्रेल सायं अपने मकान के बाहर घुम रहे थे। इस दौरान मुंह पर नकाब ओड़े आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने पास आकर रूक कर नाम पूछा । इसी दौरन एक बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया जो अनिकेत के बाये हाथ की भुला पर लगा। इस दौरान चिल्लाने पर हमलावर फरार हो गए।

पर्यटन व विकास कार्यों को नई गति प्रदान करना प्राथमिकता : कलक्टर

उदयपुर,। उदयपुर जिले के नवनियुक्त जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल शुक्रवार को उदयपुर पहुंचे। उन्होंने दोपहर बाद कलक्ट्रेट पहुंचकर कार्यभार संभाला। मीडियाकर्मियों से रूबरू होते हुए अग्रवाल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाकर आमजन को अधिकतम लाभ दिलाना और जिले में विकास कार्यों को नई गति प्रदान करना तथा उदयपुर में पर्यटन विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी।

अग्रवाल शुक्रवार दोपहर सर्किट हाउस पहुंचे। वहां एडीएम प्रशासन दीपेंद्रिंसह राठौड़, एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, गिर्वा एसडीएम अवुला सांईकृष्ण आदि ने उनकी अगवानी की। इसके बाद अग्रवाल करीब 3.30 बजे कलक्ट्रेट पहुंचे। वहां उन्होंने विधिवत रूप से कार्यभार संभाला। इस अवसर पर दोनों एडीएम, गिर्वा एसडीएम सांइकृष्ण, प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास, युडीए सचिव हेमेंद्र नागर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और कलक्ट्रेट स्टाफ ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ संक्षिप्त परिचय बैठक भी ली

उदयपुर के नवनियुक्त जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया।

और जिले की वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्थाओं, प्रमुख योजनाओं तथा विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि पात्र व्यक्तियों तक समय पर लाभ पहुंच सके।

मीडिया से बातचीत में जिला कलक्टर अग्रवाल ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से उदयुपर पूरे राजस्थान का चेहरा है। राजस्थान की हॉस्पीटेलिटी उदयुपर के नाम से ही जानी जाती है। यहां का गौरवशाली इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य पूरे विश्व को आकर्षित करता है। इस गौरवशाली पहचान को बनाए रखने के साथ-साथ पर्यटन सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार और पर्यटकों के लिए बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना होगी।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई तंत्र को और अधिक सुदृढ किया जाएगा, जिससे लोगों की शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण हो सके। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े कार्यों में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो सके। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन की टीम भावना और समर्पण के साथ कार्य करते हुए उदयपुर को विकास के नए आयामों तक पहुंचाया जाएगा।

क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करती दीप्ति माहेश्वरी।

राजसमंद, (निसं)। दाधीच युवा परिषद एवं महर्षि दाधीच जन कल्याण संस्थान युवा प्रकोष्ठ द्वारा पीपली आचार्यन में आरपीपीएल सत्र-1 2026 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि दधीचि के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

उद्घाटन मैच के अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने स्वयं बैटिंग कर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। उनके इस सहज एवं प्रेरणादायी कदम ने युवा खिलाडियों में अभूतपूर्व जोश का संचार किया।। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और समाज में एकता व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढावा देते हैं।

उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार खेल, शिक्षा और युवा सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है। वर्तमान सरकार खेल अवसंरचना और युवाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह प्रतियोगिता युवाओं में अनुशासन सहयोग और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है जो समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला रखती है।उन्होंने आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी खिलाडियों, आयोजकों और सहयोगियों को प्रतियोगिता की सफ लता के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल, प्रधान अरविंद सिंह राठौड, पूर्व जिला अध्यक्ष मानसिंह बारहठ आदि मौजूद रहे।

बागोलिया फीडर निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)। राज्य सरकार की बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने और जल संसाधनों के सुदृढीकरण के संकल्प के साथ, जल संसाधन विभाग की ओर से 10 दिन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मुख्य अभियंता-अतिरिक्त मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी विभिन्न कार्यों का सघन निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य अभियंता (बांसवाड़ा संभाग) देवी सिंह बेनीवाल ने शक्रवार को उदयपुर जिले के महत्वपूर्ण बागोलिया फीडर निर्माण कार्य का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और समय-सीमा की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मावली क्षेत्र के लिए संजीवनी बनेगा बागोलिया फीडर। शुक्रवार को मुख्य अभियंता ने निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता बेनीवाल ने बताया कि मावली क्षेत्र लंबे समय से वर्षा और पेयजल की दृष्टि से डार्कजोन में बना हुआ है। क्षेत्रीय जनता की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए, मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2024-25 के तहत उदयसागर बांध के वर्षा ऋतु के अधिशेष जल को बागोलिया फीडर के माध्यम से डाइवर्ट करने का कार्य किया जा रहा है। मुख्य अभियंता ने निर्माण स्थल पर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कार्यकारी एजेंसी और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट किया कि निर्माण सामग्री की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए और पूरा कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों एवं स्वीकृत डिजाइन के अनुरूप ही हो। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही, उन्होंने कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा और उनके लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रगति रिपोर्ट को नियमित रूप से प्रस्तुत करने को भी कहा गया है ताकि कार्य की सतत निगरानी हो सके। समीक्षा बैठक और निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता (जल संसाधन खंड, उदयपुर) ने भी निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की।

कटारिया का किया स्वागत

उदयपुर, (कासं)। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया चार दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को उदयपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर भााजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, समाज संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा भव्य एवं आतिशी स्वागत किया गया।

एयरपोर्ट के अतिथि कक्ष में शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी,गोगुंदा विधायक प्रताप गमेती,देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली,महिला समृद्धि बैंक की अध्यक्ष डॉ किरण जैन पूर्व जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली,पूर्व उपसभापति महेंद्रसिंह शेखावत भाजपा नेता अतुल चण्डालिया आदि ने पगड़ी ऊपरना पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर सम्मानित किया गया। बडी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का उत्साह देखते हुए कटारिया भाव.विभोर हो गए। भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि राज्यपाल के आगमन पर कार्यकर्ताओं एवं आमजन का सैलाब उमड़ पड़ा।

स्वच्छता प्रदेश ब्रांड एंबेसडर गुप्ता ने ली अधिकारियों की बैठक

डूंगरपुर, (निसं)। स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा नियुक्त स्वच्छ भारत मिशन शहर प्रदेश ब्रांड एंबेसडर के के गुप्ता द्वारा नगर परिषद डूंगरपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक ली गई।

बैठक को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि, कितना भी बड़ा अधिकारी हो, यदि काम में लापरवाही रखी तो कार्यवाही निश्चित रूप से होगी। आज के समय में डूंगरपुर निकाय प्रदेश भर में चर्चाओं में छाया हुआ है, क्योंकि मुझे प्रदेश स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर का दायित्व मिलने के पश्चात 25 जिलों की 171 निकायों के अधिकारियों की बैठक ली गई है और उन सभी बैठक में स्वच्छता के "डूंगरपुर मॉडल" को प्रस्तुत किया है। इसी कारण से आज राजस्थान के प्रत्येक निकाय का अधिकारी और कर्मचारी इस स्वच्छता मॉडल का अनुसरण कर रहा है।

गुप्ता ने बताया कि आगामी सप्ताह में उनके द्वारा प्रदेश के यशस्वी

स्वच्छता प्रदेश ब्रांड एंबेसडर गुप्ता ने डूंगरपुर निकाय के अधिकारियों की बैठक ली।

मुख्यमंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री को डूंगरपुर नगर आगमन को लेकर आमंत्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने भी पूर्व में प्रदेश के सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर का भ्रमण करने की मंशा व्यक्त की थी। इसी संदर्भ में उनसे भेंट करके यात्रा कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा।

वही, राजस्थान प्रदेश के सभी 309 निकायों के अधिकारियों की प्रदेश लेवल कार्यशाला डूंगरपुर नगर में आगामी 24 अप्रैल को आयोजित होने की संभावना है। इस कार्यशाला में नगर निगम, नगर परिषद और समस्त श्रेणी की नगर पालिकाओं के क्रमश: आयुक्त और अधिशासी अधिकारीगण सहित अन्य कार्मिक सम्मिलित होंगे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को लेकर टीम नगर परिषद डूंगरपुर द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां प्रारंभ करते हुए पूर्व में आदेशित किया गए सभी कार्यों को 15 अप्रैल तक पूरा करें।

संगोष्ठी आज

बांसवाड़ा, (निसं)। गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय द्वारा विकसित भारत के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 4 अप्रैल 2026, शनिवार को किया जाएगा। यह आयोजन विश्वविद्यालय परिसर स्थित राणा पूंजा सभागार, माही भवन में आयोजित होगा।

इस दौरान कुलसचिव कश्मी कौर ने बताया कि संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में गुलाब चंद कटारिया, महामहिम राज्यपाल पंजाब अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर करेंगे। कुलसचिव ने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य शिक्षकों की राष्ट्र निर्माण में भूमिका, नई शिक्षा नीति के संदर्भ में शिक्षण की दिशा तथा विकसित भारत के लक्ष्य में शिक्षा जगत के योगदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श करना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बडी संख्या में भाग लेंगे। विश्वविद्यालय ने आयोजन कि समस्त तैयारियों की समीक्षा के कुलगुरु प्रो केशव सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक कर की गई ।

बैठक कल

बांसवाड़ा, (निसं)। आदिवासी आरक्षण मंच अनुसूचित क्षेत्र राजस्थान के बैनर तले अंबेडकर जयंती मनाने के लिए पूर्व तैयारी बैठक रविवार को होगी। जिला सहसंयोजक नवीन खराडी ने आरक्षण मंच के पदा धिकारियों युवाओं, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों व आदिवासी समाजजनों से बैठक में सम्मिलित होने की अपील की।

सार-समाचार

विष्णु यज्ञ की तैयारियों पर की चर्चा

बांसवाड़ा, (निसं)। विप्र फाउंडेशन जिला शाखा की कोर कमेटी की बैठक अखंड अन्न क्षेत्र मंदारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में जोन 1जी के अध्यक्ष योगेश जोशी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मंदारेश्वर स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर आगामी 19 अप्रेल को परशुराम जन्मोत्सव पर विष्णु यज्ञ आयोजन पर चर्चा करते हुए बताया कि यजमान मदन मोहन भट्ट एवं जन्मोत्सव संयोजक शशि कुमार शर्मा होंगे। साथ ही 12 अप्रेल को डूंगरपुर परशुराम मंदिर के प्रथम पाटोत्सव पर विशाल कलश यात्रा में बडी संख्या में जिले से भागीदारी निभाने का निर्णय लेते हुए संयोजक केके पंड्या को नियुक्त किया गया। कोर कमेटी ने 14 अप्रेल को बाबा साहेब भीमराम अंबेडकर जयंती पर अंबेडकर सर्कल पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लेते हुए संयोजक ललित कुमार जोशी एवं शशि कुमार शर्मा को दायित्व सौंपा। बैठक में परशुराम मंदिर निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने का निर्णय लेते हुए आर्थिक सहयोग की अपील की गयी। इस दौरान वरिष्ठ विप्र पदाधिकारी ललित कुमार जोशी, कैलाश जोशी, पुष्पेंद्र पंड्या के निर्विघ्न तीर्थ यात्रा और राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी के विदेश यात्रा से लौटने पर अभिनंदन किया गया। अमृत सनाढ्य द्वारा भगवान परशुराम मंदिर पर ठोनाइट लगवाने की घोषणा पर स्वागत किया गया वहीं राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने पत्नी की प्रथम पुण्यतिथि पर मंदिर निर्माण के लिये ग्यारह हजार रुपये देने की घोषणा की। संचालन प्रज्ञेश पंड्या व स्वागत वनेश्वर पंड्या ने किया जबकि आभर ईश्वर दास वैष्णव ने माना। मनोहर जोशी शरद त्रिवेदी ने शांति पाठ के साथ कोर कमेटी की बैठक समाप्ति की घोषणा की।

एमबी चिकित्सालय का किया निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान सरकार की प्रमुख शासन सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा) श्रीमती गायत्री राठौड़ ने शुक्रवार को आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर से संबद्ध महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आपातकालीन इकाई, गहन चिकित्सा इकाई तथा विभिन्न वार्डों का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्थाओं, आउटडोर एवं भर्ती मरीजों की संख्या तथा उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। प्रमुख शासन सचिव ने राज्य सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में संचालित पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स के संबंध में भी जानकारी ली और भविष्य में पीजी सीटों में वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय एवं जनाना चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि जनाना अस्पताल का कार्य शीघ्र ही प्रारम्भ किया जाएगा, जिससे महिला मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में चल रहे नव निर्माण कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रधानाचार्य एवं अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण हो सके। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. राहुल जैन, अधीक्षक डॉ. आर.एल. सुमन, नर्सिंग अधीक्षक जितेन्द्र भटनागर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नर्सिंग यूनियन के अध्यक्ष प्रवीण चरपोटा एवं सतवीर सिंह ने नर्सिंग अधिकारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रमुख शासन सचिव को ज्ञापन सौंपा, जिस पर उन्होंने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

हनुमान जयंती पर कवि सम्मेलन

बांसवाड़ा, (निसं)। टामटिया आहडा में हनुमान जयंती पर हनुमान मित्र मंडल टामटिया आहडा की ओर से आयोजित और उजास परिवार ठीकरिया की ओर से संयोजित विराट कवि सम्मेलन में वागड़-इन्दौर के कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से ग्रामीणों को आन्दोलित करने के साथ ही चिन्तन करने पर विवश कर दिया। प्रारंभ में कवियों का स्वागत हनुमान मित्र मंडल टामटिया के सदस्यों ने किया। शास्त्रीय गायक एवं प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह राव ने राग मालकोस पर आधारित सरस्वती वन्दना एवं हनुमान स्तुति प्रस्तुत की। इंदौर से आए अग्नि धर्मा कवि मुकेश मोलवा ने मैं सरयू का तट कविता से जब मैंने पदचिन्हो पर जाते लक्ष्मण देखा, भाई के विरह मे व्यठा शत्रुघ्न देखा, लौट कर फिर अवध आया ही नहीं, भरत सा विराट सन्यासी मन देखा, ये इकंदर सिकंदर सब दो कौडी के हैं मैंने राम की चरण पादुका का शासन देखा पंक्तियां पढ़ी तो श्रोताओं ने तालिया की गड़गड़ाहट से अभिनंदन किया। जीजीटीयु कुलगीत रचयिता कवि हरीश आचार्य ने कोई काम ऐसा क्यूं करें शर्मिंदा रहें हम, हो बात वतनपरस्ती की संजीदा रहें हम के साथ अपने घर को घर करने में हुए विफल हम दिलों में घर कर जाने वाले, वो लोग और थे प्रस्तुत की।

इनामी बदमाश सहित तीन गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। सरकारी कर्मचारी पर हमला करने के मामले में इनामी बदमाश सहित तीन आरोपियों को पानरवा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 12 फरवरी 2026 को ठाम कोदरा में क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेश कुमार व पुलिस थाना की संयुक्त टीम ने वन विभाग की जमीन पर जंगल काट कर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई थी। इस दौरान ठामीणों ने हमला किया था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक डूंगरसिंह चौहान के सुपरविजन में पानरवा थानाधिकारी साबिर खान के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए इनामी बदमाश होनिया पुत्र भोमा निवासी जूनापादर माण्डवा व साथी प्रेमचंद पुत्र शंकर निवासी माण्डवा, लाता पुत्र रेवा निवासी पुनावली माण्डवा को गिरफ्तार किया।

डोरे नगर में रामकथा 8 अप्रैल से

उदयपुर, (कासं)।सर्वेश्वर महादेव मंदिर,डोरे नगर,सेक्टर- 3 में श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर पाटोत्सव के उपलक्ष्य में श्री राम कथा का आयोजन 8 अप्रैल से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल तक होगा। संगीतमय कथा का वाचन कथा व्यास पुष्कर दास महाराज करेंगे । कार्यक्रम के प्रथम शुभ प्रसंग की शुरुआत करते हुए हनुमान जन्मोत्सव पर डोरे नगर भक्त मंडल एवं अतिथियों द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया।कार्यक्रम संयोजक गोपाल सैनी ने बताया 8 अप्रैल को दोपहर 3 बजे सर्वेश्वर महादेव मंदिर से पोथी एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी।

खोया-पाया

मेरे पैतृक मकान नं. 375, टीचर्स कॉलोनी, अम्बामाता स्कीम, उदयपुर के दस्तावेज जो मेरे स्व. पिता श्री हेमराज शर्मा के नाम पर है, अपने घर से नगर निगम जाते समय कहीं गिर गए है, जिसकी रिपोर्ट पुलिस में भी 3091864126 दिनांक 22.3.2026 दर्ज है। उक्त दस्तावेज यदि किसी को मिलते है तो कृप्या अधोहस्ताक्षरकर्ता तक पहुंचाने का कष्ट करें। दस्तावेज नहीं मिलने की दशा में नए दस्तावेज बनवाए जायेंगे। यदि इसमें किसी को आपत्ति हो तो सात दिन में सूचित करें।

रमेशचन्द्र शर्मा पुत्र स्व. हेमराज जी शर्मा
37-डी, नाकोड़ा नगर, उदयपुर
मोबाइल नं.: 9929599142

उदयपुर नगर निगम कमिश्नर ने गैराज में अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर नगर निगम में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कमिश्नर अभिषेक खन्ना अचानक गैराज पहुंच गए। कमिश्नर के इस तरह बिना बताए पहुंचने से वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में हडकंप मच गया। इस दौरान उन्होंने कबाड में पडी गाडियों को बेचने और जो वाहन ठीक किए जा सकते हैं उन्हें तुरंत सडकों पर उतारने के निर्देश दिए। साथ ही लंबे समय से वेतन का इंतजार कर रहे कर्मचारियों को जल्द सैलरी दिलाने का आश्वासन भी दिया जिससे कर्मचारियों में राहत की उम्मीद जगी है।

कमिश्नर के इस तरह बिना बताए पहुंचने से वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में हडकंप मच गया। उन्होंने गैराज का कोना.कोना देखा और वहां फैली अव्यवस्थाओं को देखकर काफी नाराजगी जताई। कमिश्नर ने अधिकारियों को दो.टूक कह दिया कि काम करने के तरीके में सुधार लाएं और संसाधनों का सही इस्तेमाल करें।गैराज में खडी गाडियों और उनके कागजों की हालत देखकर कमिश्नर खुश नजर नहीं आए। उन्होंने रिकॉर्ड की जांच की तो कई कमियां मिली। कमिश्नर ने गुरुवार को निर्देश दिए कि हर गाडी का पूरा हिसाब.किताब एक रजिस्टर में अपडेट होना चाहिए।किस गाडी की कब सर्विस हुईए कौन सी गाडी कहां चल रही है और किसकी हालत कैसी हैए इसकी पूरी जानकारी फाइलों में नहीं बल्कि अपडेटेड रिकॉर्ड में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक रिकॉर्ड सही नहीं होगाए तब तक हम गाडियों का सही इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।

गैराज में खडी गाडियों और उनके कागजों की हालत देखकर कमिश्नर खुश नजर नहीं आए। उन्होंने रिकॉर्ड की जांच की तो कई कमियां मिली।निरीक्षण के दौरान कमिश्नर खन्ना ने देखा कि कई गाडयिां मामूली खराबी की वजह से गैराज में धूल फांक रही हैं। उन्होंने अधिशासी अभियंता लखन लाल बैरवा को निर्देश दिए कि ऐसी गाडियां जिन्हें रिपेयर किया जा सकता हैए उन्हें गैराज में खडा न रखें।कमिश्नर ने कहा कि इन गाडियों को जल्द से जल्द ठीक कराएंए ताकि इन्हें शहर की सफाई और दूसरे जरूरी कामों में लगाया जा सके। गाडियां गैराज की शोभा बढाने के लिए नहींए बल्कि जनता की सेवा के लिए है।

वहीं जो गाडियां पूरी तरह कबाड हो चुकी है और चलने लायक नहीं बची है उन्हें लेकर भी कमिश्नर ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि ऐसी नाकारा गाडियों को चिन्हित करें और इनकी नीलामी की प्रक्रिया तुरंत शुरू करें। इससे गैराज में जगह खाली होगी और कबाड बेचने से निगम के खाते में पैसा भी आएगा। कमिश्नर ने गैराज में यहां.वहां बिखरे पडे सामान को देखकर भी फटकार लगाई।

SRG HOUSING FINANCE LIMITED

एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
CIN: L65922RJ1999PLC015440
321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)
दूरभाष : 0294-2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

परिशिष्ट - 4 {नियम 8 (1)} वास्तविक कब्जे की सूचना (स्थावर संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरी, जो एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत निम्न ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता को एक मांग पत्र उसमें उल्लेखित रकम जो नीचे दर्शायी गयी है, उक्तसूचना पत्र की प्राप्ति की तारीख से 60 दिवस के भीतर प्रतिदाय करने के लिए ''मांग पत्र'' जारी किया था। ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता, उनके जमानतदारों एवं जनसाधारण को यहाँ सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002, के नियम 8 के अंतर्गत निम्न संपत्तियों का वास्तविक कब्ज़ा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है। ऋणी सहऋणी, बन्धककर्ता व जमानतदारो को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है की वह नीचे वर्णित संपत्तियों के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नही करे। इन संपत्तियों के सबंध में किया गया कोई भी व्यवहार नीचे मांग पत्र में वर्णित रकम, और मांग पत्र की दिनांक से आगे के ब्याज, खर्चो, अन्य खर्चों आदि के लिए एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर- 313001 (राजस्थान) के प्रभार के अधीन होगा। अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के अंतर्गत सुरक्षित (सिक्योर्ड) प्रतिभूति के उन्मोचन के लिए उपलब्ध समय के प्रावधानों की ओर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता व उनके जमानतदारो का ध्यान आकृष्ट करता है।

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या/ ऋणी/ सहऋणी/ जमानती	1)मांग पत्र की दिनांक 2)वास्तविक कब्जे की दिनांक 3)मांग राशि मांग पत्र अनुसार	स्थावर संपत्ति का विवरण
1.	HLR00000000010272 श्री भोलेशंकर लाल पुत्र श्री रतन लाल (ऋणी) श्रीमती मांगी बाई पत्नी श्री भोलेशंकर (सह-ऋणी-1) श्री महेंद्र कालूराम पुत्र श्री कालूराम (सह-ऋणी-2) श्री कन्हैया लाल गुर्जर पुत्र श्री उंकार लाल गुर्जर(जमानती)	1)मांग पत्र की दिनांक- फरवरी 10, 2024 2)वास्तविक कब्जे की दिनांक- अप्रैल 01, 2026 3)मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹10,31,210 /- रुपये दस लाख इक्कतीस हजार दौ सौ दस मात्र दिनांक फ़रवरी 09, 2024 तक एवं फ़रवरी 10, 2024 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त।	श्री भोलेशंकर लाल पुत्र श्री रतन लाल की सम्पति पट्टा सं.-18, ग्राम पंचायत-हाथीयाना, पंचायत समिति-कपासन, तहसील-कपासन, जिला-चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 2600.00 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-लक्ष्मी बाई का मकान/ चित्तर गवारिया, पश्चिम-लक्ष्मी बाई का मकान/ रतनलाल भाम्बी, उत्तर -रास्ता, दक्षिण-रास्ता

स्थान- राजस्थान
प्रकाशन की दिनांक- 04/04/2026

अधिकृत अधिकारी
एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड